## खबर संक्षेप

### नल पर पानी भरने पर विवाद, रॉड से हमला

**इटारसी।** पुरानी इटारसी के ट्रैक्टर स्कीम क्षेत्र में पानी भरने जैसी सामान्य बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मामला मारपीट और जानलेवा धमकी तक पहुंच गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादिया सुनीता यादव 47 वर्ष, निवासी ट्रैक्टर स्कीम जो पुरानी इटारसी में ब्यूटी पार्लर संचालित करती हैं, ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 7:30 बजे नल पर पानी भरने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी सरिता केवट और कनिष्क केवट ने सुनीता को अपशब्द कहे। वे सुनीता के पार्लर के अंदर घुस गए और लोहे की रॉड से मारपीट कर उन्हें गंभीर चोट पहुंचाई। इस दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

### 2.50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 02 निर्माण कार्यो के लिए 02 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। इस राशि से विस नर्मदापुरम में निर्माण कार्य कराये जाएंगे।

## इटारसी-भोपाल-बीना के बीच चौथी रेल लाइन का रास्ता साफ

# रेलवे की महासौगातः 4329 करोड़ से इटारसी जंक्शन के विकास को लगेंगे पंख

जिले के इटारसी जंक्शन के लिए इटारसी बीना के बीच चौथी रेलवे लाइन परियोजना को स्वीकृति मिल गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के रेल यात्रियों और विशेषकर इटारसी जंक्शन के लिए एक बड़ी खबर है। रेलवे अधोसंरचना विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए 'इटारसी–भोपाल–बीना' के बीच चौथी नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिल गई है। डीआरएम कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार यह महा-प्रोजेक्ट न केवल इस व्यस्ततम रूट पर ट्रेनों की रफ्तार और संख्या बढ़ाएगा, बल्कि इटारसी जंक्शन के समग्र विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए किया जा रहा प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा हो चुका है और अब रेल विभाग ने इस ऐतिहासिक सौगात को धरातल पर उतारने के लिए टेंडर प्रक्रिया तथा भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- 9 नई सुरंगें
- 4 महत्वपूर्ण और 39 बड़े पुल
- 151 छोटे पुलों का निर्माण
- 43 रोड ओवर ब्रिज
- 39 रोड अंडर ब्रिज



### भव्य होगा निर्माण, बिछेगा जाल

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत पूरे रेल नेटवर्क को अधिक आधुनिक, सक्षम और सुरक्षित बनाया जाएगा। 4329 करोड़ रुपये की इस भारी-भरकम राशि से कई बड़े निर्माण कार्य होंगे।

**प्रोजेक्ट की मुख्य बातें एक नज़र में**

- परियोजना की अनुमानित लागतः लगभग 4329 करोड़ रुपये
- ट्रैक की कुल लंबाईः 264 किलोमीटर (रूट लंबाई 237 किमी)
- वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजटः 100 करोड़ रुपये आवंटित
- पूर्ण होने का लक्ष्यः मात्र 4 वर्ष

### ट्रेनों की लेट लतीफी से मिलेगी मुक्ति

ट्रेनों की लेट-लतीफी खत्म होगी और उनकी समयबद्धता में भारी सुधार आएगा। रेल मंत्रालय ने इस महा-परियोजना को 4 साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके पूरा होते ही मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों को एक शानदार और निर्बाध रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा, जो भविष्य की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही यात्रियों को ट्रेनों की अनावश्यक लेट लतीफी से मुक्ति मिलेगी।

### यात्रियों और माल ढुलाई को मिलेगी 'सुपरफास्ट' राहत

गौरतलब है कि इटारसी–भोपाल–बीना रेलखंड देश के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण रेलवे मार्गों में गिना जाता है। वर्तमान में ट्रेनों के भारी दबाव के कारण अक्सर ट्रैफिक की समस्या रहती है। इस चौथी रेल लाइन की सौगात मिलने से यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों की आवाजाही बेहद सुगम हो जाएगी।

## पानी वितरण के दौरान टैंकर चालक ने पार्षद प्रतिनिधि से किया विवाद

### भड़के वार्ड वासियों ने नपा में किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मई माह के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत के साथ ही शहर में भीषण गर्मी और पारे के बढ़ने से जल संकट गहराने लगा है। पानी की किल्लत से परेशान लोग अब सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सोमवार को वार्ड क्रमांक 17 सोना सावरी नाका और बैंक कॉलोनी क्षेत्र में उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब पानी वितरण के दौरान एक नपा के टैंकर चालक ने वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू और स्थानीय निवासियों के साथ अभद्रता कर दी। चालक पानी से भरा टैंकर वहीं छोड़कर चला गया, जिससे नाराज होकर करीब दो दर्जन से अधिक वार्ड वासी और कांग्रेस पदाधिकारी भरी दोपहरी में नगरपालिका कार्यालय पहुंच गए।

### नगर पालिका में जमकर हुई नारेबाजी

नपा कार्यालय पहुंचे आक्रोशित नागरिकों और कांग्रेस नेताओं ने सीएमओ व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति पर गहरा रोष जताया। वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा फोन न उठाए जाने से नाराज होकर कांग्रेस पदाधिकारी मयूर जायसवाल, गजानंद तिवारी, प्रतीक मालवीय, सौम्या दुबे, शुभम चौधरी सहित वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नपा अधिकारी राजेंद्र शर्मा के समझाने पर भी जब लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो स्थिति को संभालने खुद नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मौके पर पहुंचे।

### लापरवाह टैंकर चालक तत्काल हटाया

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड प्रतिनिधि अभिषेक साहू और उपस्थित महिलाओं व पुरुषों से जल संकट को लेकर विस्तार से चर्चा की। टैंकर चालक के इस अमर्यादित व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने मौके पर ही नपा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे लापरवाह चालक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड में नियमित और सुचारू रूप से टैंकर द्वारा पेयजल वितरण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### दो दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो सूरजगंज चौराहे पर होगा धरना

नपा अध्यक्ष के आश्वासन के बावजूद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल और वार्ड प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने साफ किया है कि वार्ड में जल संकट की स्थिति अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी दो दिनों के भीतर वार्ड क्रमांक 17 में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं की गई, तो कांग्रेस पदाधिकारियों और वार्ड वासियों द्वारा सूरजगंज चौराहे पर उग्र धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।इस मौके पर बड़ी संख्या में पीड़ित वार्ड वासी, महिलाएं और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चिंतन सभा में नर्मदापुरम शाखा ने किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




देवास में रविवार को आयोजित समाज चिंतन सभा में अखिल भारतीय आदि गौंड बाबीसा ब्राह्मण समाज की विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नर्मदापुरम शाखा का प्रतिनिधित्व जिलाध्यक्ष गोविंद पराशर और सचिव पीताम्बर जोशी ने किया। सभा के दौरान समाज की संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक एकता, युवा सहभागिता और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में आदि गौंड बाबीसा ब्राह्मण समाज की करीब 27 शाखाओं से 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।समाजजनों ने विचार-विमर्श के माध्यम से समाज हित में मिलकर कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## नगरीय निकाय मतदाता सूची को लेकर कांग्रेस हुई सक्रिय, आगामी रणनीति पर की अहम चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनजर मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां और सक्रियता तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस संगठन मंत्री मधुसूदन यादव के निवास पर कांग्रेस नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची के प्रकाशन और पार्टी की आगामी रूपरेखा को लेकर गहन चर्चा हुई।बैठक का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय और प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार 'केलू' उपाध्याय ने किया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने दूरभाष (फोन) के माध्यम से विभिन्न ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने मतदाता सूची से जुड़ी वस्तुस्थिति पर बात की और आगे की रणनीति तैयार की। मतदाता सूची को लेकर हुई इस अहम चर्चा में शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय जिला कांग्रेस अध्यक्ष, राजकुमार 'केलू' उपाध्याय प्रदेश कांग्रेस महासचिव, मधुसूदन यादव जिला संगठन मंत्री, सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### 23 मई तक जिलेभर में आयोजित होंगे विशेष जनसुनवाई शिविर

**नर्मदापुरम।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में 25 मई तक राष्ट्रव्यापी आईईसी अभियान "जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले" का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदापुरम कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों तक केंद्र एवं राज्य शासन की सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करना है।

## बढ़ते अपराधों पर कांग्रेस ने जताई चिंता, कानून व्यवस्था को लेकर एसपी थोटा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के पिपरिया शहर में पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं और बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। शहर में शांति बहाली और अपराधियों पर नकेल कसने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सांई कृष्णा थोटा से मुलाकात की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय और प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार 'केलू' उपाध्याय के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक के साथ पिपरिया शहर की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने एसपी को अवगत कराया कि लगातार हो रहे अपराधों से आम जनता में भय का माहौल है, इसलिए पुलिस प्रशासन को तत्काल सख्त कदम उठाने चाहिए।

पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में जिले और ब्लॉक स्तर के कई प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे। इनमें मुख्य रूप से पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरीश बेमन, पिपरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र दुबे, नर्मदापुरम नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलेश चौधरी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अतुल तिवारी,मंजुलमणि ढिमोले, जितेंद्र गोरेले सहित अन्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** आवारा गौवंश को अभियान चलाकर गौशालाओं में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। अनुकंपा नियुक्ति के मामलों में संबंधित विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए उनका निराकरण करें। सीमांकन एवं नामांतरण के मामलों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग अभियान मोड में कार्य करें। पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ मिले। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अधिकारी जवाब देही के साथ करें कार्य। हस्तलिखित विरासत के सर्वेक्षण संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए समस्त अनु विभागों में सभी संबंधित विभाग तत्परता से कार्य करें।

## व्यापारी से रंगदारी और फायरिंग मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले के पिपरिया में व्यापारी सचिन जायसवाल से 5 लाख रुपये की फिरौती मांगने और उनकी दुकान पर फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने एक संगठित गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 15 मई की शाम 4 बजे की है, जब एक बदमाश ने दुकान में घुसकर 'रज्जू पुर्विया की तरफ से गिफ्ट' लिखी हुई पर्ची देकर फिरौती की मांग की और बाहर जाकर पिस्टल से फायर किया, जो मिस फायर हो गया। घटना के कुछ देर बाद दो अन्य बदमाशों ने भी व्यापारी की दुकान पर तीन राउंड फायर किए।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पिपरिया थाने में अपराध दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन सहित अन्य स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चार अन्य बदमाश अभी फरार हैं। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इस पूरी घटना की साजिश बड़वानी जेल में पहले से ही बंद बदमाश रज्जू पुर्विया ने रची थी, जिसे अब इस प्रकरण में भी आरोपी बनाया गया है।

सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से पुलिस ने सबसे पहले रायसेन के कुख्यात चोर आमिर खान को पकड़ा, जिसने अपना भेष बदल रखा था। पूछताछ में आमिर ने खुलासा किया कि जेल में बंद रज्जू पुर्विया ने जीतू ठाकुर को एक गैंग बनाकर पिपरिया के व्यापारियों को धमकाने और बात न मानने पर फायरिंग करने का निर्देश दिया था। वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्तौल जीतू ठाकुर ने नर्मदापुरम के साहिद खान उर्फ भूरा कबाड़ी से 40 हजार रुपये में खरीदी थी।

पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई में जीतू ठाकुर, आमिर खान और साहिद खान उर्फ भूरा कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त एक अंग्रेजी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों का सार्वजनिक जुलूस भी निकाला । इसके अलावा, दबिश के दौरान पुलिस को एक बड़ी कामयाबी तब मिली जब साल 2005 से 14 स्थायी वारंटों में फरार चल रहा आरोपी बीरू उर्फ वीरेंद्र भी हत्थे चढ़ गया, जो गिरफ्तार आरोपी जीतू ठाकुर का सगा भाई है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी गई हैं।

## फर्जी मीटर रीडर बनकर ग्रामीणों को ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



केसला पुलिस ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी लाइनमैन बताकर ग्रामीणों से पैसे ऐंठने वाले एक फर्जी मीटर वाचक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी का नाम 33 वर्षीय सतीश कुशवाह पिता रामस्वरूप कुशवाह है, जो डोलरिया थाना क्षेत्र के ग्राम डुडुगांव का रहने वाला है।

केसला बिजली विभाग के लाइनमैन नीरज मालवीय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति खुद को विभाग का कर्मचारी बताकर ग्रामीणों से पैसे वसूल रहा है। आरोपी ने 22 मार्च 2026 को ग्राम जालीखेड़ा के परसराम लोबे से 2200 रुपये और ग्राम नदीपुरा के मुकेश धुर्वे से 1100 रुपये का झांसा देकर ठगी की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केसला थाने में अपराध के तहत बीएनएस की धारा 319 (2) और 318 (4) में मामला दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम गठित की गई और मोबाइल लोकेशन के आधार पर 17 मई 2026 को आरोपी सतीश कुशवाह को उसके गांव डुडुगांव से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से ग्रामीणों से ठगी गई 3350 रुपये की राशि भी जब्त कर ली है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### भक्तों ने धूमधाम से मनाया भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव

## सब्जी मंडी बना भक्तिमय, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु संगीत कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्याय के देवता भगवान शनिदेव के पावन जन्मोत्सव पर शहर की सब्जी मंडी परिसर शनिवार शाम पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंग गया। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शनिदेव को विशेष भोग अर्पित कर भंडारे से की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद "एक शाम शनिदेव के नाम" भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम भगवान गणेश, शनिदेव एवं मां दुर्गा की महाआरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाआरती में शनि मंदिर के मुख्य पुजारी महेश शर्मा, पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित पवन शुक्ला, रविन्द्र ठाकुर एवं नटवर पटेल सपत्निक उपस्थित रहे। भजन संध्या में "माँ के बेटे जागरण समिति" के संचालक आलोक शुक्ला ने आकर्षक गणेश वंदना प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बना दिया। इसके पश्चात शनिदेव, माता रानी एवं साईं बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। भजन गायिका श्रीमती वीणा ठाकुर ने "है री सखी शनि जी", "शनिदेव को मना लो तिल और तेल से", "बम लहरी बम लहरी", "जय जय बजरंगबली" एवं "आयो नजर मोहन मतवालो" जैसे लोकप्रिय भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तजन भजनों पर झूमते नजर आए और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में संगीत संगत देने वालों में पवन शुक्ला, गोलू राजपूत, महेंद्र कनक, विज्जु देवहारे, यशवंत पठारिया, दीपक कतिया, ब्रजेश, अनमोल सेन, जित्तू एवं सोहन ने अपनी सहभागिता दी। वहीं मोनू साउंड द्वारा उत्कृष्ट ध्वनि व्यवस्था की गई।

देर रात तक चली इस भजन संध्या में सब्जी मंडी के व्यापारीगण एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य पुजारी एवं समस्त सब्जी मंडी व्यापारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## बरसात पूर्व सभी वार्डों में चले विशेष सफाई अभियानः जाधव



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव द्वारा नगरपालिका स्वास्थ्य विभाग में समस्त वार्ड जमादारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बरसात पूर्व शहर की सभी नालियों एवं पुलियाओं की विशेष सफाई कर गहरीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

सभापति राकेश जाधव ने कहा कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई नालियां लंबे समय से साफ नहीं हुई हैं, जिससे कर्मचारियों की लापरवाही उजागर होती है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी ईमानदारी से कार्य नहीं करना चाहते, उन्हें चिन्हित किया जाए ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी कर्मचारियों से शहर की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी मयंक अरोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़े नालों की सफाई के लिए जेसीबी के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। संबंधित ठेकेदारों द्वारा जल्द ही बड़े नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## बीईओ और प्राचार्य की बैठक आयोजित



**बैतूल।** सहायक संचालक शिक्षा एवं क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग बैतूल द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के सभा कक्ष में प्राचार्य की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों उपस्थित रहे। इस दौरान सभी प्राचार्यो/शिक्षको एवं अन्य कर्मचारियो को ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज करने और विद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए निर्देशित किया गया। विधार्थियो को समय पर छात्रवृत्ति स्वीकृत/ भुगतान की कार्यवाही करने एवं साईकल वितरण, विमर्श पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के एवं अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग के विधार्थियों को प्रोफाईल बनाने के लिए छात्रवृत्ति हेतु एमपीटॉस पोर्टल पर प्रोफाईल बनाने, नेशनल स्कॉलशिप पोर्टल पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन का कार्य पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया गया। विधार्थियों के नामांकन पूर्ण करने एवं सभी विद्यार्थी के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये गयें। जिन विद्यालयों में शिक्षको एवं अतिथि शिक्षको के 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम है उनको नोटिस जारी करने निर्देश दिये गये। विद्यालय में डी और ई ग्रेड के विधार्थियों का चयनित कर प्रारम्भ से ही विशेष ध्यान दिया जावे। प्रत्येक शनिवार को बच्चो को टेस्ट डे की रूप में किया जावे। संजीवनी परीक्षा कार्यकम को माह सितम्बर-अक्टुबर से नियमित संचालन किया जावेगे। परीक्षाओ को लेकर विस्तृत कार्य योजना बनाई गई, जिसमें जिला स्तर पर विषयवार 5 सदस्यो का चयन कर कोर समिति का गठन किया जायेगा। प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य बैठक में अनुपस्थित पाये गये उन प्राचार्यों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। बैठक में शैलेन्द्र देशमुख हाईस्कूल राजेगांवखापा, रंजनी श्रीवास्तव उमावि शोभापुर, अमिता रावत कन्या उमावि पाथाखेडा, ज्वाला प्रसाद प्रजापति विकास खंड शिक्षा अधिकारी चिचोली उक्त प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य बैठक में अनुपस्थित पाये गये।

## प्रभारी मंत्री जनसुनवाई में होंगे शामिल

**बैतूल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल मंगलवार को बैतूल आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री पटेल ट्रेन द्वारा दोपहर 12 बजे रेलवे स्टेशन बैतूल पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में सम्मिलित होकर आमजन की समस्याएं सुनेंगे तथा समस्याओं का समाधान करेंगे।

### पार्किंग स्थल के अभाव में वाहन खड़े करने परेशान होते हैं चालक

# शहर की सड़कों पर पार्किंग बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर की आबादी के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन सुविधाओं में इजाफा नहीं हुआ है। बाजारों और मुख्य स्थानों पर वाहनों को पार्क करने तक की जगह निर्धारित नहीं है। यहीं वजह है कि बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों को खड़ा करने के लिए रोजाना लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

खासकर साप्ताहिक बाजार, कोठीबाजार, गंज और सदर क्षेत्र में वाहन सडक किनारे बेतरतीब खड़े रहते है। जिससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। वैसे यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अनेको बार बैठके होती है। योजनाएं भी बनाई जाती है, लेकिन हालात में सुधार नहीं आता है। परिणाम लोगों को बार-बार जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। सबसे खराब हालात कोठीबाजार सीमेंट रोड के रहते है। यहां तंग सडक़ में त्योहारों के वक्त चालकों को वाहन निकलने तक की जगह नहीं मिलती है। सडक किनारे व्यापारियों का सामान और बेतरतीब वाहनों से सडक संकरी हो जाती है और दिन भर वाहनों की आवाजाही से जाम लगता है। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

### पार्किंग और ट्रॉफिक को लेकर ठोस प्लान नहीं

शहर की ट्रॉफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए नगरपालिका और यातायात पुलिस के पास कोई ठोस प्लान नहीं है। यदि विभागों द्वारा ट्रॉफिक को लेकर संयुक्त रूप से कार्य किया जाये तो काफी हद तक आमजनता को ट्रॉफिक जाम जैसी समस्या से निजात मिल सकती है। लोगों का कहना है कि



नगरपालिका और पुलिस द्वारा इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही जाम से निपटने के लिए कोई प्लान तैयार किया गया। मार्केट में पार्किंग व्यवस्था कर दी जाये तो जाम से निपटा जा सकता है। लेकिन इसके लिए न तो नगरपालिका के पास और न ही पुलिस के पास फुर्सत है। कभी-कभी तो हालात ऐसे निर्मित हो जाते है कि जाम के कारण पांच मिनट की दूरी तय करने में करीब आधा घंटा तक लग जाता है।

### पार्किंग प्वॉइंट की कमी

बाजार में एक भी स्थान ऐसा नहीं है जहां वाहन खड़े किए जा सकें। अभी तक शहर को पार्किंग प्वाइंट की जरूरत नहीं पड़ी थी, पर अब वाहनों के बढऩे के कारण पार्किंग नहीं होने से बाजार में समस्या बन रही है। बाजार में खरीददारी करने के लिए आने वाले लोग दुकानों के सामने ही बाइक खड़ी कर देते हैं। नतीजा यह होता है, कि एक साथ दो वाहनों के निकलने में समस्या पैदा होती है। बाजार में दुकानदारों द्वारा सडक किनारे प्रचार बोर्ड अथवा सामान रख कर सडक़ को और संकीर्ण कर दिया जाता है और इसके कारण भी बाजार में जाम लगता है।

### 30 फीट चौड़ी सडक़, फिर भी चलने जगह नहीं

शहर के गंज क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से टू-लेन सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, ताकि यातायात सुगम हो सके और लोगों को राहत मिले, लेकिन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से यह सडक़ अब वाहनों के खड़े होने का स्थान बनकर रह गई है। लगभग 30 फीट चौड़ी सडक़ का बड़ा हिस्सा दोपहिया और चारपहिया वाहनों से घिरा रहता है, जिससे सडक़ की उपयोगी चौड़ाई घटकर करीब 10 फीट रह जाती है। ऐसे में एक साथ दो वाहन निकलना भी मुश्किल हो जाता है और दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्किंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालकों के पास सडक़ पर वाहन खड़ा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

### इनका कहना है

वाहनों की पार्किंग का इंतजाम करना नगरपालिका का काम है। हम तो आवागमन को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वाहनों की पार्किंग के लिए इंतजाम होना चाहिए, नहीं तो यह स्थिति हमेशा बनी रहेगी। हालांकि यातायात पुलिस एलाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को व्यवस्थित पार्किंग करने के निर्देश देती है।

- **गजेंद्र केन**, यातायात प्रभारी, बैतूल

### पार्किंग की वजह से सडक़ ही गायब

कोठीबाजार क्षेत्र की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां सीमेंट रोड पर दोनों ओर वाहनों की पार्किंग होने से सडक़ संकरी हो जाती है। लगभग 15 फीट चौड़ी सडक़ पर जब दोनों तरफ वाहन खड़े होते हैं तो अन्य वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है। पैदल राहगीरों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर बाजार के व्यस्त समय में यह क्षेत्र पूरी तरह अव्यवस्थित नजर आता है। कोठीबाजार में पार्किंग समस्या के समाधान के लिए गांधी चौक पर अंडरग्राउंड पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव भी सामने आया था, लेकिन विरोध के चलते यह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। कुछ माह पहले नगरपालिका ने चौपहिया वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए सडक पर लोहे के पोल लगाए थे, ताकि ट्रैफिक नियंत्रण किया जा सके, लेकिन बाद में इन्हें हटा दिया।

### सबसे ज्यादा कोठीबाजार और सदर क्षेत्र में हालात गंभीर

कोठीबाजार और सदर क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। यहां शहीद चौक सहित मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे भारी वाहनों और अन्य यातायात का संचालन प्रभावित होता है। लोगों का मानना है कि सदर क्षेत्र में ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह का उपयोग पार्किंग स्थल के रूप में किया जा सकता है। पहले यहां बाजार लगाया जाता था और पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। यदि प्रशासन चाहे तो यहां व्यवस्थित पार्किंग बनाकर लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि जब तक पार्किंग स्थल विकसित नहीं होंगे और अतिक्रिमण पर नियमित नियंत्रण नहीं होगा, तब तक शहर की यातायात व्यवस्था पटरी पर आना मुश्किल है।


### 4 घंटे तक चला नशेड़ी का ड्रामा

## प्रेमिका को बुलाने की जिद पर टॉवर पर चढ़ा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमपुर जनपद अंतर्गत बक्का ग्राम पंचायत में एक 28 वर्षीय युवक जियो के मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। शराब के नशे में धुत यह युवक अपनी प्रेमिका को बुलाने की जिद पर अड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत व समझाइश के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा जा सका।

जानकारी के अनुसार, युवक का नाम संदीप बारस्कर बताया जा रहा है, जो टॉवर पर चढ़ा था। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था और उसका अपने परिवार से विवाद हुआ था। टॉवर पर चढक़र वह लगातार अपनी प्रेमिका को बुलाने की मांग कर रहा था। उसका आरोप था कि ग्रामीण उसे चिढ़ाते हैं और



परिवार वालों ने भी उसे मना कर रखा है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 100, चौकी प्रभारी सुरेश सिंह, तहसीलदार बसंत कुमार बरखानिया और जनपद पंचायत सीईओ नान सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टॉवर पर सोलर पैनल लगा रहे मजदूरों और अधिकारियों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद प्रशासन ने सूझबूझ दिखाते हुए मौके से लोगों की भीड़ को पूरी तरह हटा दिया।

## राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के जिले में 20 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी वीरेंद्र कुमार सिंह, कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री बनोठ ने भीमपुर पहुंचकर पुलिस ग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों के आगमन, मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली तथा सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीमपुर में बनाए गए हेलीपैड स्थल का भी जायजा लिया। इससे पूर्व संभागायुक्त ने बैतूल मुख्यालय में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा पुलिस परेड ग्राउंड स्थित हेलीपैड स्थल का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े, लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री प्रीति पटेल, एसडीएम आदि रहे मौजूद।

## अधिक उत्पादन के चक्कर में रासायनिक पदार्थों का बेहद हो रहा है उपयोग

### रसायनों के दुष्प्रभावों से बचाव पर कार्यशाला संपन्न

**बैतूल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित दैनिक जीवन में हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभावों से बचाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला ग्राम वामला, तहसील आमला में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में समिति के कोऑर्डिनेटर जतिन प्रजापति द्वारा रासायनिक खेती एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। श्री प्रजापति ने खाद्य पदार्थों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान में मूंग, सोयाबीन एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती में मोनोक्रोटोफॉस, क्लोरपायरीफॉस, इमिडाक्लोप्रिड, साइपरमेथ्रिन, रोगोर, एंडोसल्फान, कार्बेन्डाजिम, मैलाथियान, ग्लाइफोसेट एवं यूरिया जैसे रासायनिक




कीटनाशकों एवं उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा फल, खाद्यान्न एवं सब्जियों को जल्दी तैयार करने एवं अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। कार्यक्रम में बताया गया कि रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक एवं असावधानीपूर्वक उपयोग से शरीर में विषैले तत्व पहुंच रहे हैं, जिससे कैंसर, त्वचा रोग, श्वास संबंधी बीमारियां, हार्मोन असंतुलन, किडनी एवं लीवर संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

## ताप्ती नदी में डूबने से युवक की मौत

**बैतूल।** ताप्ती नदी में डूबने से थानी निवासी अनिल वरकड़े की मौत हो गई। वह बोरिकास गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान वह अन्य लोगों के साथ ताप्ती नदी में नहाने पहुंचा था, जहां नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ मौजूद लोगों ने बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। बाद में गांव वालों की मदद से अनिल को नदी से बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सोमवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया।

## भैंसदेही प्रकरण में कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने एसपी से की जांच की मांग

### डॉक्टर की शिकायत पर दर्ज एफआईआर को बताया निराधार



**बैतूल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही में दो लोगों की मौत के बाद हुए विवाद के मामले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर थाना भैंसदेही में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0145 की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने मामले में दर्ज सात लोगों को निर्दोष बताते हुए प्रकरण समाप्त करने की मांग उठाई है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय विनोद डागा द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि भैंसदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. अभिषेक भलावी की शिकायत पर प्रशांत वागद्रे, मनोज कापसे, मनीष नावंगे, दिनेश कोसे, धनराज वाघमारे, रूपेश कापसे और दिनेश वाघमारे के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में आरोप लगाया गया कि घटना के दौरान किसी भी प्रकार के जातिसूचक शब्दों का प्रयोग नहीं हुआ था, बावजूद इसके गंभीर धाराएं लगाई गईं। आवेदन के अनुसार सडक़ दुर्घटना में घायल अंकुष वाघमारे और जगदीश अड़लक को अस्पताल लाया गया था, लेकिन डॉक्टर के कथित रूप से देर से पहुंचने के कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका और दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल में मौजूद लोगों ने आक्रोश जताया था। कांग्रेस का दावा है कि जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया, वे केवल मरीजों से मिलने अस्पताल पहुंचे थे और उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। निलय विनोद डागा ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है ताकि निर्दोष लोगों को राहत मिल सके।

## विश्वकर्मा मंदिर में 25 मई से होगी संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा

### विशाल शोभायात्रा के साथ होगा सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

बैतूल। गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में 25 मई से शुरू होने जा रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत गीता आयोजन को लेकर रविवार को सामाजिक बंधुओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजन को लेकर समाजजनों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विश्वकर्मा समाज समिति जिला बैतूल द्वारा आयोजित यह सात दिवसीय धार्मिक आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्वकर्मा मंदिर बैतूल गंज में होगा। आयोजन का शुभारंभ 25 मई सोमवार को सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा विश्वकर्मा मंदिर से प्रारंभ होकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आहूजा होंडा शोरूम, टांगा स्टैंड, शनि मंदिर, कांती शिवा चौक, मेकेनिक चौक और माता मंदिर होते हुए पुनः विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आचार्य पंडित भागवताचार्य डॉ. पुष्कर परसाई के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत गीता कथा का वाचन होगा। आयोजन में 22 यजमान सहभागिता निभा रहे हैं। आयोजन भगवान विश्वकर्मा एवं भगवान लक्ष्मीनारायण जी की प्रेरणा से समाज एवं समस्त श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। बैठक में समाज समिति के पदाधिकारियों और सामाजिक बंधुओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहयोग की अपील भी की। युवा मंच अध्यक्ष विनय बंटी मालवी, डॉ. रामकिशोर मालवी सहित अनेक समाजजनों द्वारा सहयोग राशि प्रदान की जा रही है। यजमानों में उर्मिला रमेश मालवी, स्नेहलता नरेंद्र मालवी, चंद्रकांता मदन मालवी एवं आलोक मालवी, कांता सीएल मालवी एवं सुनिता बलवीर मालवी सहित अन्य श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं। विश्वकर्मा समाज समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

### भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

## बलिदान और विचारों की यह यात्रा 100 वर्षों से अनवरत जारी है: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सोमवार को नगर स्थित एक मैरिज लॉन में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का आरंभ भाजपा ध्वज फहराने एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ।

प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार एवं विधायकगणों द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की झलक देख कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। वर्ग का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ। प्रारंभिक सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ता निर्माण और वैचारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही किसी भी मजबूत संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। भाजपा केवल चुनाव जीतने वाला राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का



अभियान है, जिसके लिए कार्यकर्ताओं का सतत प्रशिक्षण आवश्यक है। प्रथम सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास त्याग, तपस्या और बलिदान से परिपूर्ण रहा है। द्वितीय सत्र में विचार और परिवार₹विषय पर जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग के तृतीय सत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा अंत्योदय पर आधारित है, जहां समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की चिंता की जाती है। प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ सत्र में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## आत्मा शाश्वत है, देह के संबंध नश्वर:आस्था दीदी

### गीता ज्ञान प्रवचन माला के दूसरे दिन बताई जीवन की वास्तविकता



**भौंरा।** ग्राम भौंरा में आयोजित सात दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन माला के दूसरे दिन सिवनी से पधारी योग शक्ति आस्था दीदी ने जीवन की वास्तविकता से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि ये जीवन रूपी कर्म क्षेत्र ही कुरुक्षेत्र है जहां नित धर्म युद्ध चल रहा है। कई बार आज हम या हमारे अपने ही अधर्म या बुराई के मार्ग पर चलने लग पड़ते। स्वयं को या अपने को धर्म या अच्छाइयों के मार्ग पर लेकर चलना इसके लिए मन के अंदर चलने वाला युद्ध ही धर्म युद्ध है। अर्जुन भी ऐसी ही दुविधा में था तब भगवान ने उसे सत्य ज्ञान देकर जीवन की वास्तविकता से अवगत कराया और कहा कि हे अर्जुन ये शरीर नश्वर है और जिन स्वजनों के लिए तू दुखी होता है उनके शरीर भी नश्वर है। ये सब मिटने वाले हैं अतः तू शोक न करते हुए धर्म के लिए युद्ध कर। आज हम भी बुराइयों अधर्म पर विजय प्राप्त करने के लिए देह और देह के नातों पर ध्यान न देते हुए धर्म की राह पर चलना आवश्यक है। विदित हो कि यह आयोजन भौंरा ग्राम पंचायत परिसर मंगल भवन में आयोजित किया गया है, जो की 23 मई शनिवार तक चलेगा।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग एवं जल संसाधन विभाग को शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबल पंजीयन एवं सामाजिक न्याय से संबंधित शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पाए जाने पर संबंधित जनपद सीईओ की जिम्मेदारी तय की जाएगी। राजस्व विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में विस्फोटक अधिनियम के तहत पटाखा दुकानों के निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए सभी जनपदों के सहायक यंत्रियों को प्रगतिरत कार्य




शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर पूर्ण कार्यों की फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपदों को प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की जियो टैग फोटो उपलब्ध कराने को कहा। वन विभाग को भी जल संरचनाओं को प्राथमिकता से दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आठनेर, बैतूल एवं चिचोली जनपदों की प्रगति असंतोषजनक बताते हुए संबंधित जनपद सीईओ को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सभी ब्लॉकों में बीसी कॉर्डिनेटर को अपने ग्रामीण क्षेत्रों में सघन साफ-सफाई अभियान चलाने एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

**खबर संक्षेप**

### वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुधा श्रीवास का हुआ निधन



**सोहागपुर।** भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त एल्डरमेन, भाजपा महिला मोर्चा की जिला व सोहागपुर भाजपा मंडल पदाधिकारी सुधा श्रीवास का गत दिवस बीमारी के चलते देहांत हो गया है। उनकी शवयात्रा सोमवार सुबह प्रातः 10 बजे उनके तारबहार क्षेत्र स्थित निज निवास से निकाली गई। इंदिरा वार्ड व तिलक वार्ड के समीप स्थित मुक्तिधाम में पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता, परिजन व परिचित सम्मिलित हुए। क्षेत्रवासियों ने सुधा श्रीवास के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### खेलों और सीखो स्पर्धा में दिया गया प्रशिक्षण

**पिपरिया।** नगर के सांदीपनि विद्यालय परिसर में आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 30दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण महाअभियान शिविर आरोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेलों, सीखों,आगे बढ़ो ,की थीम पर खेलों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए योग के माध्यम से खेल कौशल सुधार करने हेतु लगातार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## जनगणना 2027- नगर क्षेत्र के प्रगणक बना रहे शहर का नजरी नक्शा

# 21 मई तक 'चार्ज जनगणना अधिकारी' के पास जमा करना है नजरी नक्शा

प्रगणकों द्वारा नजरी नक्शे बनाए जा रहे हैं। जिन्हें चार्ज जनगणना अधिकारी के पास जमा करना होगा। 15 मई के पहले ही शहरी क्षेत्र के सभी 15 वार्डों में जनगणना का कार्य प्रगणकों द्वारा सुपरवाइजर्स के सुपरविजन में संपन्न किया गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनगणना 2027 कार्यक्रम अंतर्गत पहले चरण का कार्य 15 मई 2026 के पूर्व ही सोहागपुर शहरी क्षेत्र में संपन्न हो चुका है। अब प्रगणकों द्वारा नजरी नक्शे बनाए जा रहे हैं। जिन्हें चार्ज जनगणना अधिकारी के पास जमा करना होगा। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ एवं नगर क्षेत्र के चार्ज जनगणना अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 मई 2026 के पहले ही शहरी क्षेत्र के सभी 15 वार्डों में जनगणना का कार्य प्रगणकों द्वारा सुपरवाइजर्स के सुपरविजन में संपन्न किया गया था। तथा इस तरह प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हुआ एवं प्रथम चरण पूर्णता के तत्काल बाद से ही द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ हुआ है। जिसमें नगरी क्षेत्र के समस्त प्रगणकों द्वारा शहर के सभी वार्डों के सभी ब्लॉक्स का नजरी नक्शा बनाया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के भवनों का उल्लेख चित्रात्मक तरीके से किया जा रहा है। ये नक्शे 21 मई 2026 तक सभी प्रगणक शहरी क्षेत्र के चार्ज जनगणना अधिकारी अर्थात नगर परिषद सीएमओ सोहागपुर के कार्यालय में जमा करने होंगे।



**प्रगणक कार्यरत-**


सहायक चार्ज जनगणना अधिकारी, नगर क्षेत्र सोहागपुर एसके परसाई ने बताया कि सोहागपुर शहरी क्षेत्र में जनगणना उपरांत नजरी नक्शा बनाया जा रहा है। सभी प्रगणक कार्य में संलग्न हैं। 21 मई तक नक्शे जमा होंगे।

### मकान किये चिन्हित

कच्चे भवन को त्रिभुज आकार दिया गया है। जिसमें आवासीय कच्चा मकान रिक्त त्रिभुज रूप में तथा गैर आवासीय कच्चा मकान भरे हुए त्रिभुज रूप में चित्रित किया गया है। नजरी नशे में भवनों सहित दुकान, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, सार्वजनिक चबूतरा स्थल आदि को भी सम्मिलित किया गया है। जिसके आधार पर शहर के समस्त ब्लॉक्स में इन सभी की संख्या की गणना में आसानी होगी।

### इस तरह बनाए नक्शे

सोमवार सुबह सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय में शहर क्षेत्र का नजरी नक्शा बना रहे प्रगणकों से हरिभूमि प्रतिनिधि ने चर्चा की। प्रतिनिधि को प्रगणकों ने बताया कि मूल रूप से भवनों के नजरी नक्शों को बना रहे है। जिसमें आवासीय तथा गैर आवासीय भवनों के नक्शे बनाए जाने हैं। इसमें भी कच्चे व पक्के भवनों के नक्शे अलग-अलग बनाए जाने हैं। जिसमें पक्के आवासीय भवन को रिक्त वर्ग रूप में चित्रित किया गया है। वहीं पक्के गैर आवासीय भवन को भरे हुए वर्ग के रूप में चित्रित किया गया है।




## ग्राम फुरतला में वृद्ध महिला का घर में मिला शव, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

थाना क्षेत्र के ग्राम फ़ुरतला में एक वृद्ध महिला का अपने ही घर में शव मिलने से गांव में सनसनी फैली हुई है। पुलिस को ग्राम कोटवार से सूचना मिली थी की 80 वर्षीय रामबाई पति दशरथ राजपूत का शव घर में पड़ा हुआ है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए माखन नगर पहुंचाया गया थाना प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद घटना के बारे कुछ कहा जा सकता है।

पुलिस ने हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया है सभी एंगल से जांच की जाएगी।

## गंभीर हालत में बीमार पड़े व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



वार्ड क्रमांक 6 में मानवता और सामाजिक संवेदनशीलता की मिसाल उस समय देखने को मिली जब क्षेत्र निवासी किशोर कौशल गंभीर हालत में अकेले बीमार अवस्था में मिले। जैसे ही उनकी तबीयत खराब होने की जानकारी मिली, भाजपा नगर मंडल मीडिया प्रभारी लीना यादव शर्मा तत्काल मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। मौके पर पहुंचने पर किशोर कौशल की हालत गंभीर दिखाई दी। इसके बाद तत्काल मदद के प्रयास शुरू किए गए ताकि समय रहते उन्हें उपचार उपलब्ध कराया जा सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नवनियुक्त एल्डरमैन कमलेश से संपर्क किया गया। बताया गया कि एक फोन कॉल पर ही कमलेश तत्काल मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों के सहयोग से बीमार किशोर कौशल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार प्रारंभ कराया गया।

इस पूरे घटनाक्रम में सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता की सराहना की जा रही है।

## माखन नगर में चोरी की वारदात करने वाले रायसेन जिले के चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




माखननगर पुलिस ने जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद किया है. आरोपियों ने पूछताछ में माखननगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई कई चोरी की वारदातों को कबूल किया है.पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में थाना माखननगर थाना ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में शेरू खान पिता रमजान अली उम्र 32 साल निवासी ग्राम चेनपुर थाना बाड़ी जिला रायसेन के खिलाफ बाड़ी व आसपास के थानों में 15 से अधिक अपराध किये। माजिद उर्फ बच्चा पिता सलमान खान उम्र 22 साल निवासी बगिया मोहल्ला सिलवानी थाना सिलवानी जिला रायसेन के खिलाफ रायसेन एवं भोपाल के विभिन्न थानो मे 30 से अधिक अपराध दर्ज हैं। आसिफ पिता आशिक खान उम्र 31 साल निवासी ग्राम चेनपुर थाना बाडी जिला रायसेन के खिलाफ बाडी एवं आसपास के थानो मे 35 से अधिक अपराध दर्ज है। गिरफ्तार तीनों आरोपियो के विरुद्ध पूर्व मे जिला रायसेन के बाडी, बरेली एवं भोपाल के विभिन्न थानों में चोरी सहित अन्य गंभीर अपराधो के कई प्रकरण दर्ज पाये गये है. पुलिस द्वारा आरोपियो से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा अन्य वारदातो के सम्बन्ध में भी जाँच जारी है. पुलिस टीम. एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान, थाना प्रभारी उनि आकाशदीप पचाया, उनि लाहनू उबनारे आदि शामिल रहे।

## 18 प्रकरण में 38 लाख की शराब और 42 लाख के वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं की कमर तोड़ दी है। 1 जनवरी 2026 से लेकर 18 मई 2026 तक नर्मदापुरम पुलिस ने कुल 18 प्रकरण दर्ज किए हैं, जिनमें 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और वाहन भी जब्त किए हैं।

अवैध शराब की जब्तीः 38,47,790 रुपये कीमत की कुल 4,859 लीटर अवैध देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। वाहनों की जब्तीः शराब परिवहन में इस्तेमाल हो रहे 42,15,000 रुपये कीमत के 9 चारपहिया और 5 दोपहिया वाहन भी पुलिस ने जब्त किए हैं। जिले के अलग-अलग थानों की टीमों ने अवैध शराब के खिलाफ विशेष कार्रवाइयां की हैं जिनमें थाना सिवनी मालवाः कुल 2 प्रकरणों में 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 26,15,060 रुपये की 2659 लीटर शराब जब्त की गई। थाना इटारसीः कुल 2 प्रकरणों में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 2,85,572 रुपये की 405 लीटर शराब जब्त की गई। थाना पथरौटाः कुल 1 प्रकरण में 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 3,04,158 रुपये की 342 लीटर शराब जब्त की गई। थाना केसलाः कुल 2 प्रकरणों में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए और 1,70,000 रुपये की 332 लीटर शराब जब्त की गई।

## सोहागपुर सरकारी अस्पताल को विधायक द्वारा प्रदत्त एंबुलेंस खराब, हो रही परेशानी

### जिला अस्पताल से बजट स्वीकृति पर होगा सुधार, लगता है लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर सरकारी अस्पताल को विधायक विजयपाल सिंह द्वारा कुछ वर्ष पूर्व विधायक निधि से एंबुलेंस प्रदत्त की गई थी। इसका मेंटेनेंस अस्पताल प्रबंधन को ही करना था। लेकिन अभी एम्बुलेंस खराब है एवं आकस्मिक स्थिति में इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

एंबुलेंस के खराब होने के चलते क्षेत्रीय नागरिकों में नाराजगी है। विधायक विजयपाल सिंह द्वारा सोहागपुर अस्पताल को प्रदत्त एंबुलेंस खराब होने का खुलासा रविवार को हुआ। जब एक सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तथा एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। सभी घायलों को नर्मदापुरम् जिला अस्पताल रेफर करना था। लेकिन सरकार द्वारा प्रदत्त रेगुलर एंबुलेंस किसी अन्य मरीज को लेकर नर्मदापुरम् गई हुई थी। आसपास के कस्बों के शासकीय अस्पतालों को प्रदत्त एंबुलेंस भी रिक्त नहीं थी। तब नागरिकों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने सोहागपुर बीएमओ से कहा कि विधायक निधि की एंबुलेंस दी जाए। तब ज्ञात हुआ कि विधायक निधि से दी गई एंबुलेंस खराब है। इसके बाद नागरिकों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि एंबुलेंस का मेंटेनेंस क्यों नहीं किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार पहले भी एंबुलेंस के सभी टायर खराब हो गए थे। लेकिन जिला अस्पताल से बजट स्वीकृति में देर के कारण लंबे समय तक एंबुलेंस खराब रही। अब टूटे फैन बेल्ट के सुधार के लिए भी जिला अस्पताल को प्रस्ताव भेजा जाएगा एवं बजट स्वीकृति के बाद सुधार होगा। इधर नागरिकों ने भाजपाई जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की है कि एंबुलेंस में सुधार के छोटे व्यय वाले कार्य तो वे स्वयं ही कर सकते हैं। लेकिन भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी एवं नेता व कार्यकर्ता ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## नगर के पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़, पंपों पर था ईंधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर के पेट्रोल पंपों पर सोमवार को हजारों उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई। क्योंकि कुछ पंपों पर पेट्रोल तथा डीजल दोनों ही उपलब्ध नहीं थे। जिसके कारण नागरिक परेशानी हुए। चर्चा में तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने कहा कि सप्लाई प्रभावित थी इसलिए परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि शीघ्र सप्लाई पूर्ण होने पर हालात सुधर जाएंगे। फिलहाल डीजल को लेकर लोग परेशान होते रहे।

## नवांकुर संस्था ने जल संरक्षण की दिलाई शपथ कलश यात्रा में शामिल होने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम मानागांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की शपथ दिलाई।

वहीं इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से 25 मई को गंगा दशहरा पर्व पर अपने ग्राम के जल स्रोत से देवस्थान तक कलश यात्रा निकाली जाएगी



जिसमें समिति के सदस्य ग्रामवासियों से कलश यात्रा में सहभागिता करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव, नरेंद्र, मोहन, दुष्यंत यादव, गणेश, राजेंद्र, रुपेश यादव, सतीश यादव, शुभम गोस्वामी, गेंदालाल यादव समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग महिला की हत्या रिटा. एएसआई सहित घर के 4 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के केसला थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते हुई एक बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक रिटायर्ड एएसआई, उनके दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सहेली निवासी राजेश लांजीवार और पुरानी इटारसी निवासी सीमा का विवाह वर्ष 2020 में हुआ था। पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के कारण सीमा दो साल तक अपने मायके में रही और जनवरी 2026 में वापस अपने पति के घर आ गई थी। कुछ दिनों बाद फिर विवाद होने पर 26 अप्रैल 2026 को ग्राम सहेली में दोनों परिवारों के बीच सुलह के लिए बैठक रखी गई थी। बैठक में सीमा के पिता पदम सिंह नागवंशी, उनके बेटे और अन्य लोग सहेली पहुंचे थे। बातचीत के दौरान सीमा द्वारा पति पर आरोप लगाने के बाद विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई और मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों को चोटें आई थीं, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किए थे। इस घटना में राजेश की 58 वर्षीय मां रामरती बाई गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिन्हें इटारसी के डॉ. दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 4 मई 2026 को रामरती बाई का निधन हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट से आई चोटों से मृत्यु की पुष्टि होने पर पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ा दी। हत्या का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 17 मई को आरोपी रिटायर्ड जीआरपी एएसआई पदमसिंह नागवंशी, उनके बेटे योगेन्द्र, नरेन्द्र और बेटी सीमा को गिरफ्तार कर लिया।

**नर्मदा घाटों पर उमड़ रहे श्रद्धालु**

## पुरूषोत्तम मास मनाने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी लोग अपने-अपने घरों में लगातार पुरषोत्तम मास लगते ही पूजा अर्चना करते हुए भागवत कथा श्रवण करने हेतु लगातार प्रयास करते हैं। तमाम लोग भागवत कथा, सभी पुराणों में वर्णित कथाओं को श्रवण करते हैं। महिलाओं के द्वारा पुरषोत्तम मास लगते ही नहाने की व्यवस्था भी चली आ रही है। सुबह 4बजे नहाकर साफ सफाई कर पूजा अर्चना करते हैं। पुरषोत्तम मास 2 वर्ष 8माह बाद आता है।इस मास में किया गया पुण्य अनेकानेक गुना फल देता है। पापों का नाश करता है।



भगवान शिव एवं विष्णु की विशेष क्रपा रहती है।दान जप तप व्रत पूजा कथा सेवा का अत्यंत फल मिलता है।एक दिन का पुण्य हजारों वर्ष का फल मिलता है।यह मास दुर्लभ संयोग है। प्रतिदिन सुबह स्नान करने वाले भगवान विष्णु का पूजन करें।माला का जाप करें। दुध फल अन वस्त्र आदि का दान करें। एकादशी व्रत करें सात्विक भोजन करें। तुलसी सेवा दीपदान अवश्य ही करें।सभी पापों का नाश करता है।कुल का उद्धार करता है।धन धान्य समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है।इस तरह से अनेकानेक वक्ताओं एवं ब्राह्मण के द्वारा संबंधित पुरषोत्तम मास लगते ही सभी को जानकारी दी गई है।

## भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग या भविष्य की राजनीतिक प्रयोगशाला ?

### संगठनात्मक प्रशिक्षण के मंच पर रणनीति, समीकरण, सक्रियता और सियासी संकेतों की हलचल, अंदरखाने चर्चाओं ने बढ़ाई राजनीतिक सरगर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नर्मदापुरम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आधिकारिक तौर पर एक नियमित संगठनात्मक कार्यक्रम था, लेकिन इसके राजनीतिक मायने और अंदरूनी संदेश अब चर्चा का विषय बन गए हैं। "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान" के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से आए पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बाहर से यह कार्यक्रम प्रशिक्षण जैसा दिखाई दिया, लेकिन भीतर चल रही चर्चाओं, नेताओं की सक्रियता और कार्यकर्ताओं के बीच बनते नए समीकरणों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

परम श्री गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सुबह से देर शाम तक अलग-अलग सत्र चलते रहे। मंच पर विचारधारा, संगठन, दायित्व बोध, सेवा और पार्टी की कार्यशैली पर भाषण दिए गए, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ऐसे



प्रशिक्षण वर्ग केवल जानकारी देने के लिए नहीं होते, बल्कि कार्यकर्ताओं की दिशा तय करने और संगठन की नब्ज टटोलने का भी माध्यम बनते हैं।

### प्रशिक्षण या राजनीतिक तापमान नापने की कवायद?

सूत्रों की मानें तो प्रशिक्षण वर्ग में सिर्फ पार्टी का इतिहास या विचारधारा नहीं पढ़ाई गई। कई सत्रों में कार्यकर्ताओं की सक्रियता, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क मॉडल और आगामी राजनीतिक परिस्थितियों में भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। खास बात यह रही कि अलग-अलग समूहों में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी और कार्यकर्ताओं के साथ उनकी बातचीत भी चर्चा का केंद्र रही। राजनीतिक गलियारों में सवाल उठने लगे कि आखिर ऐसा कौन सा कारण था कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर संगठन ने इतनी गंभीर तैयारी दिखाई? क्या यह केवल नियमित प्रक्रिया थी या फिर आने वाले समय की राजनीतिक बिसात बिछाने की शुरुआत?

### मंच पर भाषण, मैदान में समीकरण

कार्यक्रम के दौरान मंच पर संगठन और विचारधारा की बातें होती रहीं, लेकिन दूसरी तरफ परिसर में नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे समूहों में चर्चाएं भी चलती रहीं। कहीं पुराने कार्यकर्ता नई जिम्मेदारियों की संभावनाओं पर बात करते दिखाई दिए तो कहीं स्थानीय राजनीति और क्षेत्रीय समीकरणों को लेकर भी चर्चाएं सुनाई दीं।

सूत्र बताते हैं कि कई कार्यकर्ता इस कार्यक्रम को भविष्य में संगठनात्मक फेरबदल से जोड़कर भी देख रहे थे। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी प्रकार की चर्चा सामने नहीं आई, लेकिन राजनीतिक कार्यक्रमों में अक्सर मंच से ज्यादा हलचल मंच के नीचे दिखाई देती है।

### क्या बूथ से लेकर चुनावी जमीन तक हो रही तैयारी?

भाजपा लंबे समय से प्रशिक्षण आधारित संगठन मॉडल पर काम करती रही है। पार्टी मानती है कि मजबूत संगठन की शुरुआत बूथ से होती है। ऐसे में नर्मदापुरम का यह प्रशिक्षण वर्ग केवल विचारधारा तक सीमित नहीं दिखा, बल्कि बूथ प्रबंधन, जनसंवाद और स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के संकेत भी देता नजर आया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जब भी बड़े स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होते हैं, उनका सीधा संबंध केवल वर्तमान गतिविधियों से नहीं बल्कि भविष्य की रणनीति से भी जुड़ता है।

## खबर संक्षेप

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण समिति की बैठक

**हरदा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ह्यज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रचार प्रसार व अन्य आवश्यक कार्यवाहियों के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति में अनुविभागीय अधिकारी हरदा को समन्वयक, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय हरदा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सिराली को सदस्य तथा प्रभारी अधिकारी पुरातत्व एवं पर्यटन को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। सोमवार को कलेक्टर श्री जैन की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्थित मंदिरों, मठों, आश्रमों, निजी संग्रहों, पुस्तकालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध पांडुलिपियों का सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन, चिन्हित पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण एवं ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोडिंग सुनिश्चित करने तथा पांडुलिपि धारकों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अभियान में सहभागी बनने के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये गये।

### मेधावी विद्यार्थियों को मिली किंडल ई-बुक रीडर

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को दसवीं एवं बारहवीं की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को किंडल ई-बुक रीडर प्रदान की। जिन विद्यार्थियों को यह ई-बुक रीडर प्रदान की गई, उनमें बारहवी कक्षा के छात्र जय राठौर एवं दसवी कक्षा की छात्रा थल वंदना मल्हारे शामिल है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र बलवन्त पटेल भी उपस्थित थे।

### भीम आर्मी व पार्टियों ने आंदोलन की तारीख बदली

**हरदा।** भीम आर्मी, जयस, आजाद समाज पार्टी एवं बाप पार्टी के संयुक्त बैनर तले 21 मई को प्रस्तावित जन आंदोलन को स्थगित कर अब 26 मईको हरदा कलेक्टर कार्यालय के घेराव का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय सभी संगठनों की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि जनता में विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। इसी के चलते पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 26 मई को व्यापक आंदोलन आयोजित किया जाएगा। आंदोलन में आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर यादव विशेष रूप से शामिल होंगे। वे आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण रखेंगे। बैठक में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य पंकज अतुलकर, एससी-एसटी प्रदेश अध्यक्ष राहुल पवारे, भीम आर्मी नेता महेंद्र काशिव मेहरा, जयस प्रभारी राकेश ककोड़िया, बाप पार्टी प्रभारी देवीसिंह परते, बाप पार्टी जिला अध्यक्ष जयकुमार उइके, आजाद समाज जिला अध्यक्ष रघुवीर अहिरवार तथा भीम आर्मी के राम ओसले सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शनि जयंती: शनिदेव का तेलाभिषेक किया

**सीहोर।** शनि जयंती पर मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ रही। भक्तों



ने शनिदेव का तेलाभिषेक किया। सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। शनि जयंती पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय बढ़ियाखेड़ी के प्रसिद्ध शनि मंदिर पहुंचे। उन्होंने शनिदेव के दर्शन किए। उन्होंने किसी खास व्यवस्था का सहारा नहीं लिया। आम श्रद्धालुओं की तरह लाइन में खड़े रहे। पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने उनकी सादगी देखी। सहज व्यवहार की सराहना की। कई जनप्रतिनिधि वीआईपी व्यवस्था के तहत दर्शन करते दिखते हैं। राकेश राय आम भक्तों के बीच नजर आए। श्रद्धा के साथ पूजा की। राकेश राय ने विधि-विधान से पूजा की। प्रदेश और नगरवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

## रसोई गैस सिलेंडर की सुचारू वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की अनदेखी पर कटेगी तनख्वाह: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर की सुचारू वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि किसी भी सूरत में गैस सिलेण्डरों की काला बाजारी न हो और ना ही घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग हो। उन्होने निर्देश दिये हैं कि केटरर्स की बैठक बुलाकर उनको ताकीद किया जाए कि सार्वजनिक आयोजनों में व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों का ही उपयोग हो। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पेट्रोल एवं डीजल वितरण व्यवस्था पर भी निगरानी रखने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं को सुगमता से पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध हो, इस बात की निगरानी रखी जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि जिस अधिकारी के स्तर पर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत अन अटेण्डेड पाई जाएगी, उसका एक दिन का वेतन काटा जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने जोगा एवं हंडिया में नर्मदा नदी पर चलने वाली नावों में सुरक्षा इंतजाम आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के सभी सरकारी भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि निजी मकान मालिकों को भी अपने मकान में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिये जागरूक किया जाए।

### पार्कों का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश

इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को नगर के पार्कों का सौन्दर्यीकरण करने के भी निर्देश दिये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं के उपभोक्ताओं से आवश्यक रूप से जल कर की वसूली किये जाने के लिये भी बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पाबंद किया गया। कलेक्टर ने कहा कि जो उपभोक्ता जल कर देने में आनाकानी करते हैं, उनके नल कनेक्शन काटे जाएं। इस दौरान कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिये संचालित पोषण प्रहरी अभियान की भी समीक्षा की। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में बेहतर प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, बंटवारा इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा की गई। विद्या आसन अभियान के तहत स्कूलों में बैंचेस उपलब्ध कराने की मुहिम की अभी तक की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू व एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल आदि उपस्थित थे।

### जिले में 18 से 25 मई तक आयोजित होंगे लाभार्थी संतुष्टि शिविर



जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए ह्यधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान एवं ह्यप्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जिले में 25 मई तक लाभार्थी संतुष्टि शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान की थीम जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले रखी गई है। सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में इस अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग पारूल जैन ने बताया कि अभियान के तहत जिले के चयनित 103 ग्रामों में स्थित आदि सेवा केंद्रों में शिविर आयोजित कर जनजातीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों के समन्वय से योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

## संपर्क अभियान में आयोजन किया

# शिविरों में 1885 आवेदनों का निराकरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

संपर्क अभियान 2026 के तहत हरदा वृत्त में सोमवार को 10 शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों में मांग व समस्या संबंधी कुल 2098 आवेदन पत्र प्राप्त किये गये, जिसमें 1885 आवेदनों का अवसर पर ही शिविरों में निराकरण किया गया।

महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी हरदा ने बताया कि शिविर में बिल सुधार सम्बंधित 126, मीटर एवं सर्विस केबल से सम्बंधित 6, कनेक्शन (नवीन/नाम सुधार इत्यादि) सम्बंधित 1294, भुगतान सेवाएं 187 एवं सप्लाई से सम्बंधित 485 शिकायतें मिली,जिसका त्वरित निकरण सुनिश्चित किया गया। शिविर में उपभोक्ता दिनेश/जगदीश काकडया निवासी ग्राम भीमपुरा द्वारा शिविर में नवीन घरेलू कनेक्शन हेतु आवेदन किया गया, दस्तावेजों को जांच कर आवेदक को तुरंत ही नवीन कनेक्शन जारी किया गया। इसी प्रकार उपभोक्ता प्रेमनारायण मालवीय निवासी वार्ड क्र. 15, जैन आटा चक्की के पास मानपुरा हरदा द्वारा शिविर में बिजली बिल में नाम परिवर्तन के लिए आवेदन दिया गया था नाम दस्तावेजों के निरीक्षण के उपरांत तत्काल नाम परिवर्तन किया गया। इन शिविरों में हरदा वृत्त के भी वरिष्ठ अधिकारीगण स्वयं उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक विनीत कुमार बागड़े, उपमहाप्रबंधक संजयसिंह चंदेल, प्रधुम्न गजबे, भागीरथ मंडल, संजय यादव एवं प्रबंधक अंकित पटेल, एन.डी लावानिया, उपेन्द्र मीणा, बसंत भवरकर, प्रदीप डोले एवं सभी वितरण केंद्र के सहायक प्रबंधक उपस्थित रहे। शिविरों में जनप्रतिनिधिग़ण,किसान संघ के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि संपर्क अभियान पूरे वर्ष भर इसी प्रकार आयोजित किया जायेगा, जिसमें उपभोक्ता को सर्वप्रथम सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। हरदा जिले में आगामी शिविर 20 मई को विभिन्न गांवों में आयोजित किया जायेगा। इन शिविरों में हितग्राही अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ ले सकते है।

# भोपाल स्थित स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री को पंधाना विधायक छाया मोरे ने विधानसभा क्षेत्र की कई समस्याएं बताईं

## मुख्यमंत्री ने बातों को सुना व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भोपाल स्थित स्टेट हैंगर पर सोमवार को पंधाना विधायक छाया-गोविन्द मोरे ने मुलाकात की। उन्होंने उनके विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। विधायक मोरे ने भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किये बगैर काफी देर तक मुख्यमंत्री का इन्तजार किया। जब उनका ध्यान इस और गया तो वे उनसे कारण पूछे बगैर नहीं रह सके।

विधायक मोरे ने विनम्रतापूर्वक बताया कि उनके क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए मिलना आवश्यक था और उनसे मुलाकात का समय नहीं मिल पा रहा था अत्यंत आवश्यक समस्याएं हैं, जिनका समाधान जल्द होना जरूरी है। मुख्यमंत्री का समय लगातार व्यस्त होने के कारण अलग से मुलाकात का समय नहीं मिल पा रहा था। मुख्यमंत्री ने भी संवेदनशीलता के साथ उनकी बातों को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक मोरे ने पंधाना में स्वीकृत माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने,बोरगांव बुजुर्ग को नगर परिषद का दर्जा देने,पेयजल समस्याओं को हल करने का अनुरोध किया। इस कड़ी में उन्होंने सुक्ता जलाशय, पंधाना उद्वहन एवं राजगढ़



भाम मध्यम सिंचाई योजना का जल तत्काल पानी छोड़े जाने और जल निगम की वृहद पेयजल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया गया।

## भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल समस्याएं लेकर कलेक्टर से मिला

# गेहूं खरीदी व मूंग शत-प्रतिशत खरीदी पर चर्चा की

**हरदा।** भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मुलाकात की। इस दौरान गेहूं खरीदी में आ रही समस्याओं और मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग पर चर्चा हुई। कलेक्टर जैन ने बताया कि गेहूं खरीदी की सतत निगरानी की जा रही है। स

लॉट बुकिंग की समस्या को लेकर प्रदेशे सरकार को पत्र भेजा गया है। भरे हुए वेयरहाउस की जगह नए वेयरहाउस आवंटित किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तुलाई में मजदूरों की कमी मुख्य समस्या है, इसलिए भविष्य में उन्हीं वेयरहाउस को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास कन्वेयर बेल्ट की सुविधा होगी। किसान संघ ने समर्थन मूल्य पर मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग की। इस पर कलेक्टर ने बताया कि शासन अभी 25 प्रतिशत खरीदी के पक्ष में है। भारतीय किसान संघ ने किसानों से गेहूं खरीदी के बाद मूंग खरीदी की मात्रा बढ़वाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।



संघ ने चेतावनी दी कि यदि 100 प्रतिशत मूंग की खरीदी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। टिमरनी और रहटगांव क्षेत्र में वोल्टेज रेगुलेशन 52 प्रतिशत तक आ रहा था, जिससे किसानों को परेशानी हो रही थी। किसान संघ ने इस पावर स्टेशन के लिए जमीन भी उपलब्ध कराई थी। अब इस पावर स्टेशन से टैमागांव सबस्टेशन को बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है। शीघ्र ही पोखरनी, टिमरनी और रहटगांव सबस्टेशन में भी आपूर्ति चालू हो जाएगी। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में प्रदेश मंत्री योगेंद्र भांभू, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र दोगने, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, संभागीय अध्यक्ष विनोद पाटिल सहित बृजमोहन राठौर, आनंदराम किरार, हरिशंकर सारण, विजय मलगाया, राजेंद्र बांके, लोकेश गौर, श्याम पाटिल, दीपचंद नवाद, राजनारायण गौर, कैलाश जलावड़ा, नारायण मातमा, शिवदान सिंह राजपूत, विजेश मुकाती, विनय यादव और जितेंद्र शर्मा जैसे प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## कवियों ने गुदगुदाया

# मध्यप्रदेश लेखक संघ की मासिक साहित्य गोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यप्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा की माह मई की मासिक साहित्य गोष्ठी रविवार को रुपई एग्रीफारेस्ट परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रख्यात शायर एवं पूर्व अध्यक्ष जयकृष्ण चांडक मुख्य अतिथि, वरिष्ठ कवि मदन व्यास तथा इकाई अध्यक्ष सुभाष सिटोके अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन साहित्यकार कपिल दुबे ने किया तथा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में इकाई के संरक्षक गौरीशंकर मुकाती, प्रभुशंकर शुक्ल एवं अशोक नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी में कवियों एवं शायरों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। नरेंद्र वर्मा ने कैलाशी काशी के वासी अविनाशी ओंकार हैं के माध्यम से शिव महिमा का वर्णन किया। सतीश कपोले ने माँ की ममता दिखी, नन्हा बचपन दिखा सुनाकर भावुक वातावरण निर्मित किया। बालमुकुंद ओझा ने भोले बाबा तेरी माया का न पार पाया से भक्ति रस बिखेरा। रतन सिंह सोलंकी ने चलें गाँव की ओर रे मितवा के माध्यम से ग्रामीण जीवन की ओर लौटने का संदेश दिया।

गोविंद राम हाशाणी ने तेरे पद-कमलों में शीश नवाऊँ माँ से मातृ वंदना प्रस्तुत की। लोमेश गौर ने सोना न खरीदेंगे पर सोने तो दीजिए जैसी व्यंग्यात्मक पंक्तियों से श्रोताओं को गुदगुदाया। अतहर हुसैन जौहर ने ज़िंदगी भर के लिए हमने सज़ा माँगी है के माध्यम से ग़ज़ल पेश की, वहीं मंसूर अली मंसूर ने मां के पाक आंचल में ज़िंदगी गुज़र जाए जैसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। शिरीष अग्रवाल ने यहाँ मंदिर की घंटियों ने सुकूँ की तान दी है के माध्यम से सांप्रदायिक सौहार्द्र का संदेश दिया।

अशोक नेगी ने हारने वाले के ज्यादा चर्चे होते हैं जैसी पंक्तियों से जीवन दर्शन प्रस्तुत किया। रेखा विश्नोई ने तपती दुपहरी में अक्सर याद गाँव की आती है सुनाकर गांव की स्मृतियों को जीवंत किया। कपिल दुबे ने कलम से इस हथेली पर समर्पण त्याग लिख देना जैसी प्रेरणादायी रचना सुनाई।

मुख्य अतिथि जयकृष्ण चांडक ने तख्ती पर हर नाम लिखा है पहले से सुनाकर वाहवाही लूटी। प्रभुशंकर शुक्ल ने पीड़ाओं का ज़हर पिया इतना के माध्यम से जीवन संघर्ष को शब्द दिए। मदन व्यास ने वृद्धाश्रम में पल गई अम्मा जैसी मार्मिक रचना प्रस्तुत की। अध्यक्षीय उद्बोधन में सुभाष सिटोके ने कौन सनातन को मारेगा व जैसी ओजस्वी पंक्तियां सुनाईं। वहीं गौरीशंकर मुकाती ने राजस्थानी रंग में ए जी आओ करो जी म्हाने प्यार रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं साहित्यकार स्वर्गीय पी.सी. पोर्ते को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### 17 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

हरदा। जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिवाला में सोमवार दोपहर एक 17 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन उसे तुरंत फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान समर्थ पटेल के रूप में हुई है। वह मदनगोपाल बघेल का छोटा बेटा था। बताया गया है कि समर्थ पिछले चार महीने से अकोला में मानसिक बीमारी का इलाज करा रहा था। वह दो भाइयों में छोटा था। घटना के समय घर में थे मां और बड़ा भाई पुलिस के अनुसार घटना के समय समर्थ की मां और बड़ा भाई घर में नीचे मौजूद थे, जबकि उसके पिता किसी काम से खिरकिया गए हुए थे। कुछ देर बाद परिजनों को समर्थ के फांसी लगाने की जानकारी मिली। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### मजदूर को जहरीले सांप ने डसा: हालत बिगड़ने पर भोपाल रेफर

वहीं जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र की करताना चौकी अंतर्गत ग्राम इकडालिया में एक मजदूर को जहरीले सांप ने डस लिया। जानकारी के अनुसार खंडवा जिले के आशापुर के पास ग्राम मेंडापानी निवासी कालू पिता भालू को दाहिने पैर में सांप ने काट लिया। सर्पदंश के बाद उसके साथी उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। साथियों ने बताया कि सांप के काटने के बाद से कालू को लगातार घबराहट हो रही थी।

### कांग्रेस विधायक सहित 35 लोगों पर एफआईआर

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की मौत के बाद इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे जाम करने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए कांग्रेस विधायक सहित 35 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले में कांग्रेस नेताओं एवं विभिन्न एससी-एसटी संगठनों के पदाधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।


जानकारी के अनुसार, 11 मई को ग्राम रेलवा निवासी बुजुर्ग अजब सिंह की मौत के बाद परिजनों एवं प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने परेशान होकर आत्महत्या की है। मृतक को न्याय दिलाने तथा हंडिया थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल कंचनसिंह राजपूत को निलंबित करने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने शव सड़क पर रखकर इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। हंडिया थाना पुलिस ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 189(5), 191(2) एवं 190 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 8 बी के तहत प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में डॉ. आरके दोगने, मोहन साई विश्नोई, राकेश काकोड़िया, पुरुषोत्तम कलम, महेंद्र जमरे, राजेश गौर, देवीसिंह परते, राहुल पवारे तथा महेंद्र काशिव सहित कुल 35 लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मंदिर से विनोद के घर तक सीसी रोड, नाली निर्माण प्रस्तावित था

# सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत, युवक को आदतन शिकायती बता बंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

युवक जीवन मोरे (बांयखेड़ा) की एल-4 पर पहुंची सीएम-हेल्पलाइन को फोर्स-क्लोज बंद कर दिया गया। जिसमें उल्लेख है कि युवक आदतन शिकायती-प्रवृति का है। यह बात और है कि धन राशि-आहरण के बाद भी ग्राम पंचायत ने सीसी रोड सह नाली का निर्माण नहीं किया है और सभी शिकायतें बंद कर दी है। यह कमाल स्थानीय जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत बांयखेड़ा सहित तकनीकी अधिकारियों ने कर दिखाया है। जिससे समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सरकार की सीएम-हेल्पलाइन की पारदर्शी-व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। घटनाक्रम कुछ इस प्रकार है कि युवक जीवन मोरे ने 27 नवम्बर 24 से 23 अप्रैल 25 तक कुल 6 बार सीएम हेल्प लाइन पर समस्या दर्ज कराई है। परन्तु कोई न कोई कारण बताकर उन्हें बंद कर दिया गया। उसने शीतला माता मंदिर से मुख्य मार्ग की नाली तक सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए निरंतर अनुरोध करता आ रहा है, लेकिन समस्या जस की तस है।



ज्ञातव्य रहे कि ग्राम पंचायत बांयखेड़ा ने वर्ष 2023-24 में 5 वें वित्त योजना मद से शीतला माता मंदिर से विनोद के घर तक सीसी रोड सह नाली निर्माण प्रस्तावित था। जिसकी 15 अगस्त 2023 को तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति दी गई, जो क्रमशः क्र.478 एवं क्र.07 और स्वीकृत राशि 4.23 लाख है। लेकिन वहां कोई कार्य नहीं किया गया और इसके स्थान पर छोगालाल और श्रवण के मकान के मध्य उक्त कार्य किया गया। यह भी विदित है कि वर्ष 2023-24 में उक्त मद से छोगालाल के घर से मेन रोड तक पुनः उक्त कार्य हेतु 7 मार्च 2024 राशि रु. 1.67 लाख स्वीकृत की गई। जिसकी तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति क्रमशः क्र.736 एवं क्र. 64 है। इस तरह दो अलग-अलग नाम (छोगालाल और विनोद के घर से) एक ही कार्य की दो बार स्वीकृति दी गई है, जबकि वे दोनों ही पड़ोसी हैं।

जीवन मोरे एक निजी स्कूल में अतिथि शिक्षक हैं। पूर्व सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उसे स्कूल में जाकर आश्वासन दिया तो उसने शिकायत वापस ले ली। लेकिन उसके आदतन शिकायती प्रवृति का होने का उल्लेख किया गया है, जो निराधार है। उसका कहना है कि सीसी रोड एवं नाली निर्माण नहीं होने से वहां सदैव गंदगी फैली रहती है। जबकि वहां शीतला माता एवं शंकर मंदिर, सोसाइटी और ग्राम पंचायत भवन है। सहायक यंत्री माही मोरे ने बताया कि वे अवकाश पर हैं और उपयंत्री सुरेश मोरे से संपर्क नहीं हो सका। जबकि जनपद पंचायत के एपीओ अनिल देसले ने कहा कि वे मनरेगा का कार्य देखते हैं और उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है।